

Eid Mubarak


Eid Mubarak
Dr. NOORUL HASAN
MBBS
BADAUN ULTRASOUND CENTRE
Shakeel Road, Chaudhary Sarai, Badaun


ईद-उल-फितर की सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद
H.M.F.R. ट्रेडर्स & जनसेवा केंद्र
हमारे यहाँ चीनी मैदा एवं रिफाइंड के थोक विक्रेता
6395888614
6395617887
हिकमत सिद्दीकी
हस्सान सिद्दीकी
आंवला रोड सरकारी नल के पास आरिफपुर नवादा, बदायूँ
सिद्दीकी मार्केट लाइफ केयर अस्पताल के पास आरिफपुर नवादा चंदौरी रोड, बदायूँ 9027284871


ईद-उल-फितर की सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद
रईस अहमद
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत दुन्दपुर
विकास खण्ड आसफपुर
(बदायूँ)


ईद-उल-फितर की सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद
बदायूँ पैथोलॉजी लैब
तय्यब चौधरी
डायरेक्टर
खेड़ा नवादा पुलिस चौकी के पास, बदायूँ। मो. 7906684954


आप सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूँ
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186



आप सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
DR. PATH EXPERT LAB
All Kind of Blood test, Urine Test, Stool Test, Seman Test
FREE HOME COLLECTION
Authorised Medi Care Path Lab
NABL ACCREDITED LAB
AUTHORISED COLLECTION CENTER
FREE HOME COLLECTION
Mob.: 8272815684, 9520222537
Add.: Jalandhari Sarai Chauraha Budaun (U.P.) 243601


Eid Mubarak
शमी अहमद
उर्फ अर्शी भाई
प्रॉपर्टी डीलर बदायूं
गुड्डू गाजी
प्रॉपर्टी डीलर बदायूं


Eid Mubarak
ईद-उल-फितर की सभी देशवासियों को
दिली मुबारकबाद
डा. शकील अहमद
सदस्य
आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उ.प्र.
पूर्व सदस्य
जिला पंचायत बदायूँ, उ.प्र.
अध्यक्ष
मोमिन अंसार वेलफेयर सोसायटी उ.प्र.
निवास : छोटी ज्यारत रोड, कबूलपुरा, बदायूँ (उ.प्र.)


आप सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
रहनुमा कॉस्मॉस हॉस्पिटल
DR. ZUBAIR KHAN
B.U.M.S, M.D.
(Managing Director)
उपलब्ध सुविधाएं
• नॉर्मल डिलीवरी, बार-बार गर्भपात होना, बांझपन, ल्योकोरिया, मशीन द्वारा बच्चे की धड़कन की जांच।
• पथरी या पित्त की थैली, हर्निया, अपेन्डिक्स, आंतों के सभी प्रकार के ऑपरेशन।
• पैथोलॉजी, मेडिकल, ई.सी.जी., नेबुलाइजर / ऑक्सीजन की सुविधा।
• चर्म रोग- दाद, खाज, खुजली से संबंधित सभी रोग।
हृदय रोग, श्वास रोग, शुगर, ब्लड प्रेशर (B.P.) थायराइड, पीलिया, अस्थमा, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, बुखार, गठिया, नसों व जोड़ों का दर्द, पेट से सम्बन्धित सभी रोग, खून से सम्बन्धित सभी रोगों का सफल इलाज।
पताः- नाहर खाँ सराय गल्ला गोदाम के सामने, शेखूपुर रोड, बदायूँ
सम्पर्क सूत्रः- 9457605483




# हिंजामं, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रेस्टोरेंट में किया हंगामा, बनाया वीडियो

## वीडियो बनाते देख युवक-युवतियां निकलकर भागने लगे, मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पुलिस ने युवक- युवतियों के बयान दर्ज करके जाने दिया
- प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नहीं थी कोई आपत्तिजनक स्थिति

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट में युवक-युवतियों की जानकारी पर हिंदू जागरण मंच, बजरंग दल के पदाधिकारी पहुंच गए और हंगामा कर वीडियो बनाने लगे। इससे युवक-युवतियां भागने लगे। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बयान दर्ज करके सभी को जाने दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोई आपत्तिजनक स्थिति नहीं थी।

बुधवार दोपहर लगभग दो बजे हरप्रसाद मंदिर के सामने चल रहे किंग एंड क्वीन रेस्टोरेंट में युवतियों आ-जा रही थीं। आपत्तिजनक स्थिति की जानकारी पर हिंदू जागरण मंच के नितिन कमठाना और बजरंग दल के उज्जवल गुप्ता कार्यकर्ताओं के साथ आए और रेस्टोरेंट में घुसकर वीडियो बनाने लगे। रेस्टोरेंट संचालक और कर्मचारियों ने वीडियो बनाने पर आपत्ति जताई। इस दौरान रेस्टोरेंट में छह युवक-युवतियां थे। उन्होंने वीडियो बनाते देखा तो जाने लगे। युवतियां अपना मुंह छिपाती नजर आईं। एक युवती सीढ़ी पर पैर फिसलने से गिरकर चोटिल हो गई।



रेस्टोरेंट के गेट पर युवक–युवती से बात करते पुलिस कर्मी।


नवादा चौकी इंचार्ज सुमित चौधरी रेस्टोरेंट पर पहुंचे। कुछ समय बाद सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई भी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। रेस्टोरेंट संचालक और कर्मचारी वहां से निकल लिए। संगठनों के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि रेस्टोरेंट में बने तीन कमरों में गलत काम किए जाते हैं। उन्होंने पुलिस को कमरों के बाहर रखे डस्टबिन में आपत्तिजनक चीज दिखाईं। इसके बाद पुलिस ने युवतियों के बयान दर्ज किए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जन्मदिन कार्यक्रम चल रहा था। कुछ युवक-युवतियां खाना खाने के लिए गए थे। कोई भी आपत्तिजनक हालत में नहीं मिला। युवतियों के बयान लिए गए हैं। संगठन का तरीका गलत है। बिना पुलिस को सूचना दिए ऐसा काम नहीं करना चाहिए। उन्हें समझाया गया है।

## नवरात्र में करेंगे आदित्य बदायूं से नामांकन : शिवपाल

**बदायूं, एजेंसीः** सपा राष्ट्रीय महासचिव और बदायूं लोकसभा सीट से पार्टी के घोषित उम्मीदवार शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि जनता की मांग पर उनके बेटे आदित्य यादव उनकी जगह यहां से सपा के उम्मीदवार होंगे। सपा महासचिव ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की मांग पर आदित्य यादव इस सीट से चुनाव लड़ेंगे और नवरात्र में ही अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा, "मैं मतदान की अपील करने के लिए यहां आया हूं। पहले मुझे ही उम्मीदवार बनाया गया था लेकिन युवाओं की मांग पर आदित्य चुनाव लड़ेंगे और वह नवरात्र में नामांकन दाखिल करेंगे।" बदायूं में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात मई को मतदान होना है, जिसके लिए 12 अप्रैल से अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और 19 तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### सपा के विधानसभा महासचिव बने सलमान



**बदायूं।** समाजवादी पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सलमान अल्वी को बदायूं विधानसभा का महासचिव मनोनीत किया गया है। उनकी सक्रियता, लग्नशीलता के चलते पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति के बाद जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने स्वीकृति दी। पार्टी की नीतियों और रीतियों का प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव व बदायूं लोकसभा से प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव, जिलाध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष ओमवीर यादव ने प्रमाण पत्र दिया है।

### सपा प्रत्याशी ने की समर्थकों को धमकाने की शिकायत

**बदायूं।** सपा के प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने भाजपा पर सपा समर्थकों को धमकाने का आरोप लगाया है। पत्रकारों द्वारा पूछे सवाल पर उन्होंने कहा कि निवर्तमान सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य उनके साथ हैं। भाजपा महिलाओं का सम्मान नहीं करती। कहा कि सपा प्रत्याशी 15 अप्रैल को नामांकन कराएंगे। सपा समर्थक कई क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान आदि लोगों ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के समक्ष भाजपा ज्वाइन की थी। जिसके बाद बुधवार को सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव डीएम से मिले। साथ ही एक नुक्कड़ सभा के दौरान दिए गए वोट नहीं दोगे तो हिसाब–किताब होगा वाले बयान के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। जबकि उनका हिसाब–किताब वाला वीडियो एक दिन पहले का है। वीडियो एडिट करके वायरल किया गया है। कहा कि वीडियो वायरल करने वालों के अलावा सपा समर्थकों को डराने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई हो। बताया कि कार्रवाई नहीं की गई तो वह चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे। डीएम मनोज कुमार ने कहा कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव मौजूद रहे।

### परिवार परामर्श केंद्र ने एक परिवार बिखरने से बचाया

**बदायूं।** पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में कुल 6 फाइलें लगीं। काउंसिल द्वारा 6 फाइलों में काउंसलिंग की गई, जिसमें से एक मामले में समझौता कराया गया। जिस एक फाइल में समझौता कराया गया, उसके दोनों पक्षों को काउंसलर ने ध्यानपूर्वक सुनकर समझौता कराया। इसमें एक पक्ष उपस्थित रहा उनको अग्रिम तिथि दी गयी। दूसरे पक्ष को अग्रिम तिथि की सूचना दी गयी । इस मौके पर काउंसलर अशोक खुराना, भीमसेन सागर, शिव स्वरूप गुप्ता, गिरधारी सिंह राठौर व एसडी शर्मा उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त महिला उपनिरीक्षक . पूनम सिंह, महिला कांस्टेबल . कुमुद तथा मीना उपस्थिति रहीं।

### एडीएम ने करवाई गेहूं की क्रॉप कटिंग

**बदायूं ।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह ने बुधवार को ब्लॉक जगत के ग्राम मझिया में रबी वर्ष 2023–24 के अंतर्गत गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग करवाई। करीब 43 .33 वर्ग मीटर में 22 किलो 400 ग्राम गेहूं की उपज प्राप्त हुई। लगभग 4 .40 क्विंटल प्रति बीघा व लगभग 52 क्विंटल प्रति हेक्टेयर पैदावार होने की उनके द्वारा संभावना जताई गई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह ने बताया कि ब्लॉक जगत के ग्राम मझिया में क्रॉप कटिंग करवाई गई, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले और अच्छी फसल प्राप्त हुई। इस अवसर पर तहसीलदार सदर सुरेंद्र कुमार, राजस्व निरीक्षक रामदास सिंह, लेखपाल कुलदीप भारद्वाज, कमल कुमार तथा बीमा कंपनी जिला समन्वय धीरेंद्र दीक्षित,शैलेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

**बिसौली, अमृत विचारः** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरुकता नुक्कड़ नाटक रैली और पपेट शो का आयोजन तहसील परिसर से उप जिलाधिकारी कल्पना जायसवाल तहसीलदार विजय कुमार व नायब तहसीलदार के द्वारा आरंभ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय हररायपुर के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक 'आओ बने जागरूक मतदाता' दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही पपेट शो के द्वारा उन्होंने 7 मई को शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। उप जिलाधिकारी कल्पना जायसवाल ने सभी को शपथ दिलाई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कंवरसेन, सहायक अध्यापक उमेश चंद्र, हिमानी वार्ष्णेय आदि रहे।

# चांद का हुआ दीदार, आज मनाई जाएगी ईद



दुकान से रेडीमेड कपड़ों की खरीदारी करतीं महिलाएं।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- चांद देखने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दी एक दूसरे को मुबारकबाद
- ईद की तैयारी में जुटे रहे लोग देर रात तक गुलजार रहा बाजार, लोगों में उत्साह

**अमृत विचारः** तीस दिन चले पवित्र रमजान के बाद आखिरकार बुधवार की शाम चांद का दीदार हो गया। इसके बाद अब गुरुवार को जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा। ईद का चांद दिखते ही लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाई देनी शुरू कर दी। बच्चे, बूढ़े व नौजवान इसको लेकर खासे उत्साहित दिखे। जामा मस्जिद के शाही इमाम ने बुधवार को चांद दिखने का एलान किया। इसके साथ ही ईद की घोषणा कर दी गई। वहीं, ईद की नमाज को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ईद की खरीदारी के लिए बुधवार को बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। शाम होते ही ईद का चांद देखने की बेताबी रोजेदारों में देखने को मिली। महिला-पुरुष, युवा व नन्हे रोजेदार घर की छतों से लेकर खुले मैदान तक ईद का चांद देखने के लिए जुटने लगे। ईद के चांद का दीदार होते ही रोजेदार एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने लगे।

चांद का दीदार होने के बाद बाजार में खरीदारों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोग देर रात तक खरीदारी करते रहे।

### ईदगाह पर सुबह 9 बजे होगी सामूहिक नमाज



**ककराला।** ककराला में ईद को लेकर रोजेदारों में खासा उत्साह है। बुधवार को शाम होते ही ईद उल फितर का चांद आसमान में साफ साफ देखा गया, जिसके मुताबिक ईद 11 अप्रैल को मनाई जाएगी। ईद को लेकर लोग खरीदारी मुकम्मल कर चुके हैं। चांद के दीदार करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी। ककराला की ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 9 बजे ईदगाह के इमाम हजरत हाफिज ओ कारी साढ़े आठ बजे जियारत शरीफ, दरगाह में सुबह 8 बजे ईद की नमाज होगी। ईद को लेकर ईदगाह पर पुलिस की ओर सुरक्षा का मुकम्मल इंतजाम किया गया है।

## ग्रामीणों ने दी चेतावनी बिजली नहीं दी तो चुनाव का करेंगे बहिष्कार

**बिसौली ,अमृत विचार :** क्षेत्र के हतसा गांव में बिजली की मांग को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किया गया मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। आज ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि गांव में बिजली नहीं दी गयी तो वह लोग चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

नगर के सीमावर्ती हत्सा गांव में 150 घर अंधेरे में हैं। इस गांव में न तो बिजली के खम्भे लगाए गए हैं और न ही लाइन खींची गयी है। ग्रामीण अंधेरे में गुजर बसर कर रहे हैं। कई बार जिला प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया गया। बिजली विभाग से गांव में खंभे लगाने और लाइन डाल कर बिजली देने की मांग की गयी। विभाग ने अभी तक गांव में खम्भे तक नहीं लगाए हैं। बिजली विभाग से नाराज गांव वालों ने बुधवार को तहसील पहुंच कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि जल्द ही गांव में बिजली सप्लाई नहीं दी गयी तो वह लोग चुनाव का बहिष्कार करेंगे। तहसीलदार विजय शुक्ला ने अधिशासी अभियंता रामलाल को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञापन देने वालों में प्रधान रामबाबू, हेतराम, राम सिंह, प्रवीण, रामदास, आकाश, राहुल, रामौतार सहित अनेक ग्रामीण शामिल रहे।

# मां भवानी के दरबार में उमड़े भक्त ब्रह्मचारिणी स्वरूप की हुई पूजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी देवी की आराधना की गई। घरों में कलश पूजन के साथ ही दुर्गा सप्तशती पाठ किया गया। आदिशक्ति के मंदिरों नगला स्थित शक्तिपीठ, बिरुआ बाड़ी, हर प्रसाद और गौरी शंकर मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ जुटीरही। घरों से लेकर देवी मंदिरों तक नवरात्र की आराधना के लिए भक्तों का उत्साह देखने लायक रहा। मंदिरों में घंटों के साथ दिन भर मंत्रोच्चार गूंजते रहे।

चैत्र की द्वितीया पर देवी के दूसरे स्वरूप की आराधना की गई। अधिकतर घरों में मां की पूजा अर्चना करने के बाद भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां भवानी के दर्शन किए। उनके आगे शीश झुकाकर परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। सबसे अधिक भीड़ नगला स्थित मां काली के मंदिर में देखने को मिली। माता के भक्तों ने कतारबद्ध होकर उनके दर्शन किए। शाम को सैकड़ों भक्तों ने मंगला आरती में भाग लिया। भक्त माता के जयकारे लगा रहे थे। जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के तहत मंदिरों में पुलिस मौजूद रही।



मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



मंदिर के बाहर कतारबद्ध खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- भोर से देवी मंदिरों में मां के दर्शनों को लग रही भीड़, गूंज रहे माता रानी की जय-जयकारे




# अब गुंडे माफिया की जगह जेल या परलोक

संवाददाता, बिसौली/बदायूं

- केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को किया संबोधित
- महिला गरीब किसान और युवा का उत्थान ही मोदी का संकल्प : रजनीकांत माहेश्वरी

**अमृत विचार :** विधानसभा बिसौली और सदर क्षेत्र में भाजपा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। बिसौली में विधान परिषद सदस्य व पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा कि बूथ अध्यक्ष सबसे बड़ा नेता होता है। उनका कार्य सबसे ज्यादा जिम्मेदारी का होता है। भाजपा विश्व की एकमात्र पार्टी है जिसमें बूथ अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। प्रधानमंत्री का संकल्प महिला गरीब किसान और युवा का उत्थान है। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि अब गुंडे, माफिया की जगह जेल या परलोक है। सम्मेलन से पहले सभी अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया।

बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पटल पर देश का गौरव बढ़ाया है। उनकी बदौलत कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहर रहा है। अयोध्या में भव्य व दिव्य भगवान श्रीराम के मंदिर में रामलला पधार चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। पीएम का संकल्प किसानों की आय दोगुनी करने का है। सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने कार्यक्रम को संबोधित किया। लोकसभा संयोजक हरिओम पाराशरी, जिला प्रवासी भूपेंद्र सिंहआदि उपस्थित रहे।



सम्मेलन में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, विधान परिषद सदस्य रजनीकांत माहेश्वरी, भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, सांसद संघमित्रा मौर्य व अन्य।

**सरकार की योजनाओं से गरीब लाभान्वितः सुरेश राणाः** सदर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब, कमजोर वर्ग के लोगों की हालत सुधारने का कार्य किया है। गरीबों को मुफ्त मकान, शौचालय, खाद्यान्न वितरण, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना सहित बिना भेदभाव विभिन्न योजना चला कर लाभांवित किया गया है। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक ने सम्मेलन को संबोधित किया। पूर्व विधायक प्रेमस्वरूप पाठक, पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल आदि रहे।


आप सभी को ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद


सभी देशवासियों को मेरी तरफ से
ईद उल फितर
की दिली मुबारकबाद
शाहिद खान
डायरेक्टर
हीरो एजेंसी


सभी देशवासियों को
ईद उल फितर
की दिली मुबारकबाद
अब्बासी ट्रेडर्स
बदायूं
मो. 9756220786


समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के सह प्रभारी
अनवर पठान
की ओर से सभी देशवासियों को
ईद उल फितर
की दिली मुबारकबाद


सभी देशवासियों को
ईद उल फितर
की दिली मुबारकबाद
सलमान अल्वी
पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत
सदर विधानसभा महासचिव
समाजवादी पार्टी
आबिद रजा
पूर्व मंत्री


सभी देशवासियों को
ईद उल फितर
की दिली मुबारकबाद
सगीर खान
समाजसेवी
ग्राम नाधा सहसवान


समस्त देश वासियों को
ईद उल-फितर
की
तहेदिल
से
मुबारकबाद
चमन खान
चेयरमैन, भरगैन


समस्त देश वासियों को
ईद उल-फितर
की
तहेदिल
से
मुबारकबाद
ललित बाबू (ठेकेदार)


समस्त देश वासियों को
ईद उल-फितर
की
तहेदिल
से
मुबारकबाद
अरविन्द कुमार (ठेकेदार)
भरगैन/निधौली कलां (एटा)


समस्त देश वासियों को
ईद उल-फितर
की
तहेदिल
से
मुबारकबाद
छोटू भईया (नवीद)


समस्त देश वासियों को
ईद उल-फितर
की
तहेदिल
से
मुबारकबाद
मै. तमन्ना कंस्ट्रक्शन
मोहल्ला पूरबथोक, गंजडुण्डवारा (कासगंज)
मुहम्मद आसिफ


उसहैत चेयरमेन नवाब हसन दातागंज विधायक व ईओ एवं समस्त सभासदो की ओर से नगर व क्षेत्र के सभी शुभचिंतको को ईद उल फितर एवं चैत्र नवरात्रि की दिली मुबारकबाद
अपील:- 1. पालिका के करो यथा गृह कर, जल कर, जल मूल्य, किराया दुकान का समय से भुगतान कर छूट का लाभ उठाएं 2. पॉलीथीन कैरी बैग पर पूर्ण प्रतिबंध है पॉलिथीन का प्रयोग ना करें प्रतिबंध पॉलिथीन बैग, थर्माकोल गिलास कटोरी, थाली आदि का प्रयोग ना करें एवं पर्यावरण को अनुकूलन बनाने में सहयोग करें 3. स्वच्छ मंच पोर्टल पर रजिस्टर करें एवं स्वच्छता गतिविधियां अपलोड करें 4. पालिका की अनुज्ञाओं का समय से नवीनीकरण कराये 5. सफाई के उपरांत कूड़ा कचरा सड़क पर नहीं जलाएं पर्यावरण की स्वच्छता में सहयोग करें नगर पंचायत द्वारा घर-घर कूड़ा कलेक्शन का कार्य कराया जा रहा है नगर पालिका के सफाई कर्मचारी को ही कूड़ा दे इधर-उधर ना फेंके 6. किसी भी प्रकार का निर्माण सामग्री घरो से निकलने वाला मलबा आदि को सार्वजनिक स्थान सड़क नाला- नाली आदि पर ना लगाएं एनजीटी के निर्देश का पालन करें व अर्थ दंड से बचें 7. जल ही जीवन है, जल की बचत करें, आवश्यकता अनुसार कम से कम पानी का प्रयोग करें तथा प्रयोग के उपरांत पानी की टोटियों को खुला ना छोड़े सड़कों पर अतिक्रमण न करें 8. सभी व्यापारी बंधुओ से भी अनुरोध है रोड पटरी पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें जिससे आमजन को आवागमन में असुविधा न हो 9. आमजन को असुविधा न हो सड़कों व गलियो में जानवरों को ना बांधे तथा पशुओं को खुला ना छोड़े 10. जन्म मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अंदर अवश्य कराएं।
राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैय्या
विधायक दातागंज (बदायूं)
नवाब हसन
चेयरमैन
नगर पंचायत उसहैत (बदायूं)
रजनीश शर्मा
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत उसहैत (बदायूं)
सभासदगण
सुरेश चंद्र सभासद वार्ड 1
सुखराम सभासद पति वार्ड-2
अशोक शाक्य सभासद वार्ड-3
हसरत फारुखी सभासद पुत्र वार्ड-4
आलेहसन सभासद पति वार्ड-5
राजीव भारद्वाज सभासद वार्ड 6
मुजीब खान सभासद वार्ड-7
जाकिर मंसूरी सभासद पति वार्ड-8
रामगोपाल कश्यप सभासद वार्ड -9
मा0 अलीजान सभासद वार्ड 10
रमेश चंद्र सभासद वार्ड 11







# चांद का दीदार: ईद उल फितर आज दिनभर तैयारी में जुटे रहे लोग

## बाजारों में देर रात तक की गई खरीददारी, मस्जिदों में अदा होगी ईद की नमाज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** ईद उल फितर आज गुरुवार को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में काफी उत्साह है। शाम को चांद का दीदार होने के बाद खानपान की सामग्री खरीदने के लिए निकले। बाजारों में भीड़भाड़ दिखाई दी। वैसे तो ईद पर्व को लेकर घरों में कई दिनों से तैयारियां की जा रही थी।

मुस्लिम समाज का महत्वपूर्ण पर्व ईद उल फितर आज गुरुवार को मनाया जाएगा। इस दिन रमजान माह के रोजे भी पूरे होंगे। पर्व को लेकर मुस्लिम समाज के लोग काफी उत्साहित दिखाई दिए। दिन भर बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ लगी रही। शाम को चांद का दीदार होने के बाद यह भीड़ और बढ़ गई। खाद्य सामग्री विक्रेताओं के अलावा मिष्ठान विक्रेताओं एवं वस्त्र विक्रेताओं के यहां भी काफी भीड़भाड़ रही। लोगों ने ईद के लिए नए वस्त्र खरीदे। देर रात तक बाजार खुले और गुलजार रहे। ईद की नमाज जिले भर में नमाज घरों और ईदगाहों पर पढ़ी जाएगी। ईद की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तैयारियां की हैं। इधर सभी निकायों द्वारा नमाज स्थलों पर विशेष सफाई की व्यवस्था की गई है। वहीं, पुलिस ने नमाज स्थलों पर पुलिस की तैनाती की है। देर शाम ड्यूटियां लगाई गईं। ऐसे स्थान जहां नमाज स्थल मुख्य मार्गों पर हैं, वहां वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया है।


ईद की तैयारियों में जुटे युवक मॉल में खरीदारी करते।

> फैनी समेत कई पकवान ईद पर्व की प्रमुख मिठाई है। इसके साथ अन्य पकवान भी बनाए जाते हैं। पर्व को लेकर तैयारी कर ली है। आने वाले लोगों का स्वागत करेंगे। पर्व को लेकर उल्लास है।
> – जाकिरा बेगम, गृहणी

> ईद उल फितर पर समाज के अन्य वर्गों के लोग भी मुबारकवाद देने आते रहे हैं। बड़े स्तर पर खाद्य सामग्री बनाई जाती है। इस बार भी ईद को लेकर तैयारियां की है। पकवान बनाए हैं।
> –रिहाना अंसारी, गृहिणी


ईद के लिए सेवईं की खरीदारी करते लोग। • अमृत विचार

### 615 ग्राम नशीले पाउडर के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली के इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से 615 ग्राम अवैध नशीला पाउडर डायजापाम बरामद हुआ है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी आशीष निवासी गांव पेंदरा नवाबापुर जिला अलीगढ़ थाना दांदौं के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।










# प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे कार्मिकों पर होगा मुकदमा

- श्रीगणेश इंटर कॉलेज में दिया गया प्रशिक्षण
- 1356 को मिला प्रशिक्षण, 24 रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को शहर के श्रीगणेश इंटर कॉलेज में दूसरे दिन भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने कार्मिकों को चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार चुनाव संपन्न कराए जाने का प्रशिक्षण दिया। चुनाव आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे कार्मिकों के विरुद्ध डीएम ने नाराजगी जताते हुए मुकदमा दर्ज कराए जाने के आदेश दिए हैं।

दो पालियों में हु प्रशिक्षण में सभी पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी को मास्टर ट्रेनर के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 24 कार्मिक अनुपस्थित रहे। उपरोक्त सभी के विरूद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा ने द्वारा अनुपस्थित पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी के विरुद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान डीएम द्वारा निरीक्षण किया गया। कक्ष में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों को उन्होंने कहा कि निर्वाचन का कार्य पूर्ण निष्ठा एवं लगन से सम्पन्न कराए। निरीक्षण करते हुए सभी मतदान कार्मिकों को स्पष्ट करते हुए कहा कि मतदान को आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने में सभी पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के संबंध में गहन अध्ययन कर लें। सीडीओ सचिन, जिला विकास अधिकारी संजय सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

### भारतीय नववर्ष पर वितरित किए कलेंडर



**सोरोंजी।** ब्रज प्रांत प्रचारक धर्मेन्द्र की प्रेरणा से बुधवार को तीर्थ नगरी सोरों में भारतीय हिंदू नववर्ष पर कलेंडर वितरित किए गए। तीर्थ पुरोहित अमित मिश्र ने आम जनमानस में हिंदू संस्कृति की अलख जगाने के लिए हिंदू नववर्ष संवत् 2081 के पावन अवसर पर कैलेंडर वितरण का अभियान आरंभ किया है। उन्होंने वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर बताया कि वो बाल्यकाल से ही संघ के स्वयं सेवक हैं और लोगों में अपने नववर्ष के प्रति उदासीनता के भाव से काफी आहत अनुभव करते हैं। उन्होंने बताया कि वह बीते कई वर्षों से हिंदू नववर्ष पर कलेंडरों का वितरण करते हैं। उनका यह अभियान जारी रहेगा।

### मेधावियों को किया गया पुरस्कृत



**कासगंज।** कस्बा अमांपुर के गोविंद सिंह शिक्षण संस्थान ने बुधवार को विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। प्रत्येक कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक हरिओम वर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीष वचन कहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिक्षका रिनी, कीर्ति, राजेश, धनदेवी, कमलेश मौजूद रहीं।

### आंबेडकर की जयंती पर बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**कासगंज।** जिला मजिस्ट्रेट लाइसेंस प्राधिकारी सुधा वर्मा ने जिले में डा. भीमराव आंबेडकर जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम खंड प्रथम के नियम 59 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। आदेश के क्रम में जिले की सभी फुटकर आबकारी दुकानें अर्थात देशी शराब, विदेशी, मदिरा, बीयर, मॉडल शाप, भांग एवं समस्त थोक अनुज्ञापनों से मादक पदार्थों की बिक्री तथा एफएफ 41 लाइसेंस 14 अप्रैल को पूर्णत: बंद रहेंगी। इस बंदी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

### बालाजी मंदिर में 23 को मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

**सोरोंजी।** तीर्थ नगरी सोरों के हरि की पौड़ी स्थित श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के महंत शिव कुमार शर्मा ने बताया कि इस दरबार में प्राचीन काल से हनुमान जन्मोत्सव चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 23 अप्रैल को पड़ रही है। उन्होंने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पूर्व की भांति विधि विधान पूर्वक मनाया जाएगा सर्वप्रथम हवन यज्ञ होगा। हनुमंत लला का छप्पन भोग लगेगा। फूल बंगला सजेगा। प्रसाद वितरण होगा फिर शाम को गाजे बाजे के साथ भव्य रूप से श्री लड्डू बाले बालाजी महाराज की आरती होगी। रात्री नौ बजे सहन आरती होगी। फिर लगभग रात्रि 10 बजे से भजन कीर्तन होगा।

## वृद्धा की मौत चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप

**जलेसर अमृत विचार :** जलेसर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निवासी 65 वर्षीय नत्थो देवी बीमार हो गई थी। परिजनों द्वारा जलेसर क्षेत्र के इसौली रोड पर एक क्लीनिक पर भर्ती करा दी। बुधवार को नत्थो देवी की मौत हो गई।

परिजन वृद्धा का शव रखकर हंगामा करने लगे तो बड़ी संख्या में अन्य लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। परिजनों ने डाक्टर पर लापरवाही से इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि महिला के इलाज के लिए चिकित्सक ने काफी रुपए पहले ही ले लिए थे। इसके बाद भी इलाज में लापरवाही बरती गई। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाकर मामले को शांत कराया गया।

# नामांकन को लेकर तैयारियां शुरू

## डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, कलेक्ट्रेट परिसर में हुई बैरिकेडिंग, रहेगी कड़ी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया 12 अप्रैल शुरू होगी। इसको लेकर तैयारियां शुरू हुई हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में बैरिकेडिंग की गई। डीएम, एसपी ने बैरिकेडिंग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव के लिए कासगंज-एटा लोकसभा सीट की नामांकन प्रक्रिया 12 अप्रैल शुरू होगी। नामांकन प्रक्रिया को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां की हैं। बुधवार को सुबह से ही कलेक्ट्रेट परिसर में बैरिकेडिंग की गई। डीएम सुधा वर्मा एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने की गई बैरिकेडिंग का निरीक्षण किया। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान आचार संहिता का शत फीसदी पालन कराया जाए। नामांकन के समय जुलूस लेकर कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर न पहुंचे। निर्धारित लोगों को ही प्रत्याशी के साथ नामांकन स्थल में प्रवेश की अनुमति होगी। डीएम ने कहा कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाए। किसी भी प्रकार कोई कमी न रहे। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने एएसपी राजेश कुमार भारतीय को निर्देश दिए कि नामांकन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होनी चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स लगाया जाए। एसडीएम संजीव कुमार, सीओ अजीत चौहान सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में नामांकन की प्रक्रिया को लेकर बैरिकेडिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखतीं डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

● लोकसभा चुनाव के लिए 12 अप्रैल से शुरू होगी नामांकन की प्रक्रिया

## गंगा में डूबे ग्रामीण का 30 घंटे बाद मिला शव

**कासगंज।** कादरगंज गंगा घाट पर स्नान के दौरान सोमवार की शाम को गंगा में डूबे युवक का 30 घंटे बाद शव मिल सका है।

सोमवती अमावस्या पर्व पर कादरगंज गंगाघाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। घाट पर प्रसाद विक्रेता कादरगंज निवासी दुर्वेश कुमार राठौर उम्र 42 वर्ष भी सोमवार की शाम स्नान को गए और गहरे पानी में पैर फिसलने से गंगा नदी में डूब गए, बुधवार दोपहर को उनका शव गंगा के गहरे पानी में मिला है। डूबने वाले युवक के तीन लड़के और एक लड़की है। यह दिल्ली में टेलरिंग का काम करते थे, लेकिन वर्तमान में गंगा घाट पर पर प्रसाद बेचने का काम कर रहे थे।

# भैंस ने पूंछ से बंधे बच्चे को घसीटा, हालत गंभीर

संवाददाता, जलेसर

● खेल-खेल में साथियों ने भैंस की पूंछ में बांध दिया बच्चे का पैर

**अमृत विचार :** जलेसर कोतवाली क्षेत्र के जलेसर इसौली मार्ग पर स्थित गांव मोहनपुर में बच्चों ने खेल-खेल में पांच वर्षीय बच्चे का पै भैंस की पूछ से बांध दिया।

भैंस विदक गई और भागने लगी। इससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे अस्पताल में भर्ती करायाग या है।

ग्राम मोहनपुर निवासी मनोज कुमार का पांच वर्षीय पुत्र शिवकुमार व अन्य बच्चे दोपहर के समय खेल रहे थे। खेल खेल में बच्चों ने शिवकुमार का पेर भैंस की पूंछ में बांध दिया। इस दौरान भैंस खूंटे से खुल गई और बच्चे को चारों ओर घसीटने लगी। बच्चे की चीखने की आवाज आई तो परिवार के लोगों ने भैंस को पकड़ कर बच्चे को छुड़ाया। उसे नगर के निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने आगरा रेफर कर दिया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो सवार 4 घायल

**सोरोंजी।** गांव तुमरिया नगला के समीप स्थित ट्रैक्टर ने यात्रियों से भरे ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो सवार ओमवती पत्नी तीर्थपाल, अनू पत्नी मोनू, अभियास पुत्र मोनू, निवासी गांव हाथीगढ़ी थाना नारकी जिला फिरोजाबाद एवं ऑटो चालक हुकुम चंद्र निवासी आगरा कैंट घायल हो गया। घटना की जानकारी सोरों कोतवाली पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया है। मानपुर नगरिया के चौकी के उपनिरीक्षक युसूफ खान ने बताया कि ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो सवार चार लोग घायल हुए हैं।

# खेल-खेल में बच्चे ने चाट ली कीटनाशक दवा, चली गई जान

## घर में रखी थी जहरीली दवा, उपचार के दौरान हो गई मौत

संवाददाता, सोरोंजी(कासगंज)

**अमृत विचार:** बच्चे ने घर में रखी कीटनाशक दवा चाट ली। उसे उपचार के लिए झोलाछाप के यहां ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने हंगामा किया।

सोरोंजी कोतवाली क्षेत्र के गांव ब्रह्मपुरी निवासी सतीश का डेढ़ साल का बेटा डिग्गु घर में खेल रहा था। घर में कीटनाशक दवा की शीशी रखी थी। बच्चे ने ढक्कन उठाकर चाट लिया और बेहोश हो गया। घर वाले आनन-फानन बच्चे को गोरहा के एक झोलाछाप के यहां ले गए, जहां शाम को बच्चे की मौत हो गई। परिजन लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। पुलिस पहुंचने से पहले ही झोलाछाप भाग गया। सतीश ने सोरों कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।



मृतक डिग्गु।

● परिजनों ने झोलाछाप के यहां किया जोरदार हंगामा पुलिस पहुंची तो भाग गया झोलाछाप

“ मामले की जानकारी मिली है। टीम को मौके पर भेजा गया है। जांच कराई जा रही है। झोलाछाप का क्लीनिक सीज कर दिया जाएगा।
-डॉ. राजीव कुमार, सीएमओ

“ झोलाछाप पर लापरवाही का आरोप लगा है। परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों को शांत किया। तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। झोलाछाप की तलाश कर रहे हैं।
- भोजराज अवस्थी, इंस्पेक्टर सोरोंजी

## एक नजर

### पुलिस ने वारंटी किया गिरफ्तार

**कासगंज।** पटियाली कोतवाली पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे आरोपी के गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि आरोपी राजपाल निवासी ग्राम चांदपुर कोतवाली पटियाली को पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

### दहेज हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार

**एटा।** जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जलेसर पुलिस द्वारा दहेज मामले में वांछित मुन्नालाल निवासी नगला धारा थाना जलेसर को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है।

### छेड़खानी का विरोध करने पर दी धमकी

**अलीगंज।** क्षेत्र के गांव लढसिया निवासी एक युवती ने बताया कि गांव के निवासी शिवम ने पीड़िता से छेड़खानी की। विरोध किया तो आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

### बहला फुसलाकर युवती भगाई

**एटा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 21 वर्षीय बेटी 8 अप्रैल को कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव में थी। इसी दौरान मध्य प्रदेश के मेहगांव भिण्ड निवासी अन्नू भदौरिया बहला फुसलाकर भगा ले गया। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पीड़ित पक्ष ने कानूनी कार्रवाई की है।

# मॉर्निंग वॉक करते समय गिरे एसआई की मौत

संवाददाता, एटा

● हृदयगति रुकने से मौत होना बताया गया

● सकीट कोतवाली में तैनात थे सुरेंद्र शर्मा

**अमृत विचार :** बुधवार सुबह टहलते समय हार्ट अटैक आने से दरोगा की मौत की हो गई। खबर मिली तो घरवाले मौके पर पहुंचे। मौत से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। सहकर्मी और अधिकारी पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते रहे।

कोतवाली प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि 55 वर्षीय एसआई सुरेंद्र शर्मा सकीट कोतवाली में तैनात थे। वह मूल रूप से बुलंदशहर जिले के अनूपशहर थाना क्षेत्र के रूपवास गांव के रहने वाले थे। बुधवार सुबह वह थाना परिसर में टहल रहे थे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। वह टहलते-टहलते गिर गए। आसपास मौजूद लोगों ने देखा तो भागकर पहुंचे। साथियों ने उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने हृदयगति रुकने से मौत होने की संभावना जताई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



अस्पताल में एसआई के परिजनों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी।

## आर्म रेसलिंग के लिए हुई ऑनलाइन कार्यशाला

**कासगंज ।** कोठीवाल आढतिया महाविद्यालय द्वारा आर्म रेसलिंग पर ऑनलाइन कार्यशाला हुई। उद्घाटन राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ के कुलपति प्रोफेसर चंद्रशेखर ने किया। उन्होंने कहा कि आर्म रेसलिंग खेल में सफलता के बिंदुओं को ध्यान में रखकर खिलाड़ी प्रदर्शन करें तो निश्चित ही उन्हें सफलता मिलेगी। प्रो पंज लीग डायरेक्टर एवं पीपल्स रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्षा प्रीति झंगियानी ने कहा कि यह कार्यशाला आर्म रेसलिंग खेल में एक अद्भुत चमत्कार लेकर आएगी। सचिव क्रीड़ा परिषद डा. शाहनवाज खान ने कहा कि आर्म रेसलिंग अच्छा खेल है। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, के प्रोफेसर डॉ राहुल राज ने कहा कि आर्म रेसलिंग के तहत पंजा लड़ाने का खेल भारत का खेल है। सचिव डा. प्रवीण सिंह जादौन ने मुख्य वक्ता के रूप में रूल्स एंड प्रोसीजर्स का आर्म रेसलिंग पर अपना व्याख्यान दिया।

# महिला से लूट के मामले में 30 घंटे बाद भी खुलासा नहीं

संवाददाता, सोरोंजी

● अंधेरे में तीर चला रही पुलिस के हाथ नहीं लगा कोई सुराग

● मंगलवार की दोपहर बाइक सवारों ने महिला से लूटे थे एक लाख रुपये

**अमृत विचार :** महिला से एक लाख की नगदी से भरा बैग लूटे जाने के मामले में 30 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ है। अंधेरे में तीर चला रही पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है। घटना के संबंध में महिला ने बाइक सवार दो अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली सोरों के गांव होडलपुर निवासी कटोरी देवी पत्नी पप्पू मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे सोरों स्थिति केनरा बैंक की शाखा से एक लाख की नगदी अपने खाते से निकालकर थैले में रखकर गांव जा रहीं थी। जब वह कस्बा के रोडवेज बस स्टैंड के निकट थी कि तभी बाइक पर सवार होकर आए दो युवक कटोरी देवी के हाथ में लगा नगदी का थैला छीनकर भाग गए। घटना की सूचना पर इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों की प्रयास के काफी प्रयास किए थे और सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले थे, लेकिन पुलिस के हाथ कोई सूत्र नहीं लगा। घटना के संबंध में पीड़िता ने बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। शीघ्र घटना का खुलासा करने का दावा कर रही सोरों कोतवाली पुलिस घटना के 30 घंटे बाद भी खाली हाथ दिखाई दे रही है। पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है।

“ घटना के खुलासे का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक कोई खास सूत्र पुलिस को नहीं मिले हैं। उम्मीद है कि शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।
- भोजराज अवस्थी, इंस्पेक्टर

# शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने पर दो लोग सम्मानित

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** थाना मलावन के गांव नगला भूपाल निवासी ब्रिजरानी एवं थाना कोतवाली नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी महेन्द्र प्रताप एड0 ने अपना शस्त्र लाईसैंस स्वेच्छा से निरस्त कराया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह

जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने बुधवार को कलक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में दोनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद में अब तक कुल 9 व्यक्तियों द्वारा 10 शस्त्र लाईसैंस स्वेच्छा से निरस्त कराये गए हैं।जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने एटा जनपद में सितम्बर 2023 में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की, जिसका असर जनपद में काफी देखने को मिला है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश सहित अन्य अधिकारीगण, ब्रिजरानी, महेन्द्र प्रताप एड0 सहित परिवारीजन आदि मौजूद रहे।



शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने पर ब्रिजरानी को सम्मानित करते डीएम प्रेम रंजन सिंह। ● अमृत विचार

## किया जागरूक: उम्र 18 पूरी है, वोट देना जरूरी है

**एटा अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कहा कि युवा ही देश के भविष्य हैं। जरूरी है कि युवा स्वयं मतदान के प्रति अपने कर्तव्य को समझें और अन्य लोगों को भी जागरुक करें। आपके द्वारा चुना हुआ प्रत्याशी पांच साल सरकार चलाएगा इसलिए जागरुकता से योग्य प्रत्याशी को चुनें। जिलाधिकारी ने मतदाता जागरुकता के लिए शपथ भी दिलवाई। डीएम ने कहा कि आगामी चुनाव को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता मतदान में प्रतिभाग करके स्वच्छ छवि की सरकार बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि सभी का उदेश्य जनपद में शत प्रतिशत मतदान कराना है। डीएम ने दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया।

# मारपीट की घटनाओं में कई लोग हुए घायल

**एटा, अमृत विचार :** मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। आरोपितों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया गया है।

जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम अमृतपुर निवासी सत्यपाल सिंह का आरोप है कि जैथरा के गांव सर्रा निवासी अर्जुन पुत्र ज्ञान सिंह समेत चार लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। वहीं दूसरी ओर जैथरा के गांव गांगूपुरा निवासी श्रीकृष्ण पुत्र रामचन्द्र ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के निवासी सुखवीर पुत्र भूरे समेत पांच लोगों ने मारपीट कर चोटिल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी है। बागवाला के गांव नगला छिदू निवासी यतेन्द्र पुत्र नेम सिंह का आरोप है कि क्षेत्र के गांव करथला निवासी पवन पुत्र राजू समेत चार लोगों ने पीड़ित के भाई से मारपीटकर गाली गलौज की जान से मारने की धमकी दी है। पिलुआ के गांव नगला दीप निवासी ऋषि प्रभा पत्नी धीरेन्द्र के साथ गांव के निवासी अनिल पुत्र ज्ञान सिंह ने मारपीटकर धमकी दी और दीवार तोड़ दी। इसके अलावा अलीगंज मोहल्ला श्रीकृष्ण पुत्र रामनाथ सिंह का आरोप है कि मोहल्ला के निवासी महेश पुत्र रामनाथ सिंह समेत चार लोगों ने घर में घुसकर मारपीट कर दी और पीड़ित की पत्नी के साथ गाली गलौज की और भैंसों का खूटा तोडकर नुकसान किया। जान से मारने की धमकी दी।

## झूठे मामले में फंसाने की क्षेत्राधिकारी से शिकायत

**जलेसर।** कोतवाली क्षेत्र के नगला मीरा के उप ग्राम गदाई निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र बाबूलाल ने क्षेत्राधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि गांव के ही अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों द्वारा उन्हें धमकी दी जा रही है कि झूठे केस में फंसा दिया जाएगा। इससे पूर्व नामजदों द्वारा उसकी खड़ी फसल एवं घर के बाहर बने किचन गार्डन में बकरी भैंस आदि छोड़कर नुकसान करते रहते हैं। नुकसान करने की मना करने पर मारपीट एवं गालियां देते हैं । लड़की को मार देने और पुत्र को फंसा दे ने की धमकी देते हैं। इनमें एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ में आवल खेड़ा में घायल हुआ था और जेल भी गया था। उन्होंने क्षेत्राधिकारी पुलिस से कानूनी कार्यवाही के साथ-साथ सुरक्षा की गुहार की है।

# दूसरे दिन की ब्रह्मचारिणी की पूजा

संवाददाता,एटा

**अमृत विचार :** नवदुर्गा के दूसरे दिन माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं द्वारा माता को चुनरी पहनाने के साथ-साथ विधि-विधान पूर्वक दुर्गा के द्वितीय रूप ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की। मंदिरों पर घण्टे-घडियाल की गूंज और माता के जयघोषों से समूचा माहौल मातामय बना हुआ है। वहीं अलीगंज के महाकाली मंदिर पर भी भक्तों की भीड उमड पड़ी।

मुख्यालय पर माता पथवारी मंदिर, माता काली मंदिर तथा जनता दुर्गा मंदिर पर प्रातः से ही श्रद्धालुओं की भीड़ का अतिरेक देखते ही बना रहा था। इस दौरान वासंतिक नवरात्र की प्रतिपदा तिथि को दुर्गा के नौ रूपों में भौतिक एवं आध्यात्मिक मनोकामनापूरक अखण्ड सौभाग्य देने वाली मां ब्रह्मणचारिणी की पूजा अर्चना की गई।

इस तरह पूजा-अर्चना का सिलसिला सायं तक चलता रहा। विभिन्न मंदिरों में नवरात्रि पर्व के द्वितीय दिन हवन-यज्ञ आयोजित किये गये। उपले जलाकर उस पर कपूर, जायफल, हवन सामग्री, धूप, घी व लौंग के जोड़े चढ़ाकर देवी माता से मनौतियां मांगी। देर सायं भी माता मंदिरों पर आरती उतारने को श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। अवागढ़, जलेसर, मारहरा व मिरहची के अलावा अन्य कस्बा एवं गांव में पजा अर्चना की गई।



मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना के लिए लगी श्रद्धालुओं की लाइन। ● अमृत विचार

● देर रात्रि तक सुनाई देती रही घंटे और जयकारों की गूंज

## सार-संक्षेप

### संवेदनशील इलाकों में किया फ्लैग मार्च



**मुजरिया।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से दंगा फसाद से निपटने के लिए आरएएफ के जवानों ने पुलिस के साथ संवेदनशील गांवों में फ्लैग मार्च किया और लोगों के बीच बातचीत कर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। बुधवार को मुजरिया थाना क्षेत्र के 16 महत्वपूर्ण गांवों में पुलिस के साथ आरएएफ ने फ्लैग मार्च कर बूथों का भी जायजा लिया। एस ओ आरती कौशिक के निर्देशन में क्षेत्र के संवेदनशील गांव जीजाहट, पातरचोहा सराय रामदास में बुधवार को फ्लैग मार्च किया गया। इस मौके पर एस आई अनिल कुमार, अर्जुन सिंह, राम महेश, विवेक मालिक, राकेश कुमार, राम बाबू, सहित थाना पुलिस के अन्य जवान मौजूद रहे।

### मतदान कार्मिकों, मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण सम्पन्न



**एटा, अमृत विचार :** मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु तैनात किए गए जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, आईटी टीम, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम आदि को ईवीएम, मतदान प्रक्रिया के संबंध में सी0से0 स्कूल पहुंचकर जायजा लिया। डीएम ने इस दौरान विभिन्न कक्षाकक्षों में जाकर प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षार्थियों से वार्ता की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम गहनता पूर्वक प्रशिक्षण को हासिल करें। प्रशिक्षण के दौरान कोई समस्या आए तो मास्टर ट्रेनर्स से अवश्य दूर की जाए। मतदान के दिन होने वाली समस्त गतिविधियों, प्रारूपों को भरने की जानकारी संबंधित को होनी चाहिए। बताते चलें कि जनपद में 1528 पोलिंग स्टेशन के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, तृतीय सहित कुल 7790 मतदान कार्मिकों के रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया को पूर्ण कर इनमें से पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आगामी समय में प्रत्येक पोलिंग स्टेशन के लिए पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीडीओ डा. एके बाजपेयी, डीआईओ एनआईसी संजय कुमार, डीआईओएस चन्द्रकेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, मास्टर ट्रेनर आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरुकता रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**अलीगंज, अमृत विचार :** बुधवार को डीएवी इंटर कॉलेज के सभागार में मतदाता जागरूकता रंगोली की प्रतियोगिता की गई। इस प्रतियोगिता में राजा का रामपुर और अलीगंज के डीएवी इंटर कॉलेज, गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज कैल्ठा, आरडी इंटर कॉलेज, चंपा देवी जीजीआईसी राजा का रामपुर, श्रीमती सुंदर देवी इंटर कॉलेज, बीएल इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज नगला गजपत आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें कुं. गंगा जनता इंटर कॉलेज कैल्ठा प्रथम, हेमलता वर्मा आरडी इंटर कॉलेज द्वितीय तथा डीएवी इंटर कॉलेज की छात्रा लक्ष्मी पांडे मैं तृतीय स्थान प्राप्त किया विजेता छात्रों को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर होम सिंह कुशवाहा, सह प्रभारी स्वीप अजयपाल कुशवाहा, खान फिरोज अहमद सह प्रभारी स्वीप ने पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में खान फिरोज अहमद ,पूनम मिश्रा ,सुनील कुमार, आकाश कांत, सुरेंद्र कुमार, और खुशीराम ने निभाई। प्रधानाचार्य डॉक्टर होम सिंह कुशवाहा ने कहा अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जनता इंटर कॉलेज, गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज, आरडी इंटर कॉलेज, श्रीमती सुंदर देवी इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे।

### बूथ की मजबूती ही दिलाती है सफलता

**कासगंज।** भाजपा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन शहर के नदरई गेट स्थित द्रोपदी देवी जाजू सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं एटा-कासगंज लोकसभा के प्रभारी ने बूथ अध्यक्षों के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। साथ ही बूथ को मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आरंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान एवं एटा-कासगंज लोकसभा के प्रभारी शिवराज सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत का आधार बूथ की मजबूती होती है। एक ही मापदंड है यदि बूथ जीते तो चुनाव जीते। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपनी बूथ को मजबूत बनाए रहे। सम्मेलन को जिला प्रभारी पूनम बजाज, जिला पंचायत अध्यक्ष रतनेश कश्यप, जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। नवल कुलश्रेष्ठ, अनिल पुंढीर, ज्ञान तिवारी, डा. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, राजवीर सिंह भल्ला, नीरज शर्मा आदि रहे।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल

**एटा अमृत विचार :** जीटी रोड स्थित ओवरब्रिज पर दो मोटर साईकिलों की आपस में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में नयागांव थाना क्षेत्र के गांव नगला देशी निवासी राजवीर सिंह पुत्र रामदास सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद राजवीर को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। दूसरी ओर मलावन थाना क्षेत्र के ग्राम छछैना औन रोड पर हादसे में घायल होने पर एक व्यक्ति पड़ा मिला। बुधवार को दोपहर उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उसकी शिनाख्त राजेश पुत्र कमलेश 26 वर्ष निवासी श्यामपुर मिरहची के रूप में हुई। उसने बताया कि वह सड़क दुर्घटना में घायल हुआ है।

### नहीं बचाया नीर तो होगी बड़ी पीर

**एटा।** जल ही जीवन है, लेकिन चुनावी तैयारी में प्रशासन नीर को भूल गया। ये हाल तब है जब जिला जलसंकट से जूझ रहा है। दो साल में ही दो मीटर से अधिक जलस्तर गिर गया है। बढ़ते जलसंकट से परेशान शासन ने क्षेत्र में नए नलकूप लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। लेकिन शहरी क्षेत्र में सबमर्सिबल बड़ी संख्या में चल रहे हैं। इनसे पानी की बर्बादी भी खूब हो रही है। घटते जलस्तर के कारण कई स्थानों पर पानी नीचे चला गया है। जिस तरीके से जलस्तर घट रहा है, यही हाल रहा तो आने वाले दो वर्षो में बहुतोरे स्थानों पर पानी निकलना दूभर हो जायेगा। अधिशाषी अभियंता जल निगम ने कहा कि लोग सबमर्सिबल लगाकर जगह-जगह पानी की फिजलूखर्ची करते हैं। कहीं गाड़ी की धुलाई में पानी काफी बहाया जाता है तो कहीं बेवजह सड़कों पर पानी बहाया जा रहा है। ऐसे लोगों से पहले अपील की जाएगी कि वह पानी बचाएं नहीं मानें तो कार्रवाई करने के लिए अनुमति ली जाएगी।



### डूंगरपुर के दो मामलों में हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में गुरुवार को डूंगरपुर के दो मामलों की सुनवाई हुई। एक मामले में पत्रावली अंतिम बहस में लग गई है। उसकी सुनवाई अब 15 अप्रैल को होगी। दूसरे मामले में हेड कांस्टेबल सोमदत्त शर्मा से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की। इसमें अब 12 अप्रैल को सुनवाई होगी। वर्ष 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने गंज थाने में काफी मुकदमे दर्ज कराए थे। रिपोर्ट में कहा गया था कि आजम खां के इशारे पर उनसे मारपीट, लूटपाट कर उनके घर को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया था। इन मुकदमों में आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली सहित कई आरोपी बनाए गए थे।

### दो पासपोर्ट मामले में 16 को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृतविचार :** पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया है। अब इस मामले में 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। 2019 में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट रखने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। फिलहाल यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। अभियोजन की ओर से गवाही पूरी हो चुकी है। बुधवार को इस मामले में सुनवाई होना थी,लेकिन बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र आ गया। अगली तारीख के लिए प्रार्थना पत्र दिया। अब इस मामले में अगली तारीख 16 अप्रैल को होगी।

## एक नजर

### दूसरी महिला को लेकर फरार हुआ पति, पत्नी ने दी तहरीर

**मुजरिया।** पति और देवर से प्रताड़ित महिला ने थाने में शिकायत की है। महिला का आरोप है कि उसका पति दूसरी महिला के साथ रह रहा है। जानकारी होने पर उसका विरोध किया तो उसने अपने छोटे भाई के हाथ में उसका हाथ दे दिया। और स्वयं उस महिला को लेकर फरार हो गया। पति के फरार होने पर देवर उसका शारीरिक शोषण कर रहा है। जब पीड़िता ने इसकी शिकायत अपने ससुर सास से की तो उन्होंने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### अभिषेक यादव बने सपा छात्र सभा के जिला सचिव



**उसहैत।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आशीष यादव व उनके पुत्र शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव की मौजूदगी में सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष जाहिद गाजी एडवोकेट ने उसहैत क्षेत्र के ग्राम पंचायत ललोमई के मजरा घस नगला निवासी अभिषेक यादव को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। दातागंज के जीतू वर्मा, अजीत कश्यप, राजेश कश्यप, विजय यादव को जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। अभिषेक यादव को जिला सचिव बनाए जाने पर छात्रों ने खुशी का इजहार किया है। जिला सचिव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह समाजवादी पार्टी के हित में सकारात्मक कार्य कर पार्टी को उच्च शिखर पर ले जाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

### प्रतियोगिता के माध्यम से बताया मतदान का महत्व

**बदायूं।** मदर एथीना स्कूल में ड्राइंग, पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय एवरी वोट काउंट्स था। छात्र छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी कला कौशल एवं प्रतिभा का परिचय देते हुए बहुत आकर्षक प्रेरणादायक रचनाएं बनायीं। छात्र छात्राओं ने अपनी रचनाओं के माध्यम से दर्शाया कि भारत एक लोकतंत्र देश है। इसमें 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने का अधिकार है। विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि मतदान करना सभी का अधिकार है।

# गेहूं खरीद की स्थिति खराब संयुक्त सचिव ने दिए निर्देश

## गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर कम गेहूं खरीद होने का कारण जाना

- डिप्टी आरएमओ को गाइडलाइन के अनुसार गेहूं खरीदने को कहा
- 40 दिनों में 30 केंद्रों पर तीन हजार क्विंटल की हो सकी खरीद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में गेहूं खरीद की स्थिति काफी खराब है। एक मार्च से शुरू हुई खरीद में करीब तीस केंद्रों पर तीन हजार क्विंटल से अधिक की खरीद हो सकी है। गेहूं खरीद की स्थिति को परखने के लिए संयुक्त सचिव भारत सरकार अनीता कर्ण ने जिले में पहुंचकर क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कम खरीद होने पर डिप्टी आरएमओ से कारण जाना। साथ ही उन्होंने सरकार की गाइडलाइन के अनुसार खरीद करने के निर्देश दिए। कहा कि किसानों से संपर्क कर अधिक से अधिक गेहूं की खरीद की जाए।

विपणन विभाग को इस बार 16 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद करने के लिए शासन की ओर से लक्ष्य दिया गया है। खरीद के लिए जिले में छह एजेंसियों के 136 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। एक मार्च से शुरू हुई गेहूं खरीद में तीन हजार से अधिक क्विंटल की खरीद सकी है। यह गेहूं 30 केंद्रों पर खरीदा गया है। असल में जो रेट सरकार के द्वारा तय किया गया है। उससे सौ रुपये अधिक दाम पर आढ़ती गेहूं को खरीद रहे हैं। जिसके चलते किसान झंझटों से बचने के लिए आढ़तियों के यहां गेहूं बेच रहा है। गेहूं खरीद की स्थिति परखने के लिए बुधवार को संयुक्त सचिव भारत सरकार अनीता कर्ण ने क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा शहर में ककराला रोड स्थित मंडी समिति में बने क्रय केंद्र, दातागंज और उझानी मंडी में पहुंचकर गेहूं खरीद की स्थिति को देखा गया। क्रय केंद्रों पर गेहूं की आवक कम होने पर उनके द्वारा डिप्टी आरएमओ से कारण जाना। संयुक्त सचिव ने अधिकारियों को किसानों से संपर्क कर खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार खरीद की जाए। इससे पूर्व संयुक्त सचिव का अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

> भारत सरकार में संयुक्त सचिव द्वारा क्रय केंद्रों निरीक्षण किया गया। उन्होंने किसानों से संपर्क कर खरीद करने के आदेश दिए हैं। साथ ही गाइडलाइन के अनुसार खरीद करने को कहा है। अभी गेहूं की कटाई शुरू हुई है। कटाई में तेजी आने के बाद क्रय केंद्रों पर किसानों का पहुंचना शुरू हो जाएगा।
> – **डॉ वैभव शर्मा**, एडीएम वित्त एवं राजस्व।

## अपने अधिकारों का करें सम्मान जरूर करें मतदान

**बदायूं, अमृत विचार:** भामाशाह चौक और गांव में खुनक में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने लोगों से मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपील की। साथ ही मतदान करने को शपथ दिलाई। तथा जागरूकता पोस्टर पर हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान का आरंभ् भी किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट डालना बहुत जरूरी है। सात मई को होने वाले मतदान दिवस वाले दिन अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जो हमारे समाज, राज्य और देश की भलाई के लिए जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित मतदाताओं छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं को मतदान करने की शपथ ग्रहण करायी। इसके अलावा उन्होंने गांव खुनक में पहुंचकर लोगों से मतदान करने की अपील की। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

# नशा से आर्थिक व सामाजिक दोनों स्तर पर होती है क्षति



प्रतीक चिह्न के साथ सम्मानित होने वाले विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

- कक्षा नौ से 12 तक के छात्र छात्राओं के लिए कराई स्पर्धा

**अमृत विचार:** मंगलवार को नगर के भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज मद्य निषेध जन जागरुकता कार्यक्रम के तहत छात्रों की एक दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें मुरादाबाद मण्डल के मद्य निषेध अधिकारी मनोज कुमार ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि शराब बुरी चीज है और इससे आर्थिक व सामाजिक दोनों स्तर पर क्षति होती है। शराब के दुष्परिणाम से लोग वाकिफ हैं। बावजूद आदत वश इसे छोड़ नहीं पा रहे हैं। लोग शराब की बुराई को समझें, इससे होने वाले हानि पर गौर करे। बाद में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। इस मौके पर अरुण कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सक्सेना, राजेन्द्र कुमार शर्मा, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव में 24 जोन और 225 सेक्टर में बांटा गया जिला

- ऑडिटोरियम में सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट का हुआ प्रशिक्षण
- मतदान से पूर्व मतदान के दिन व मतदान के उपरांत कार्यों की दी जानकारी

**बदायूं, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में जिले को 24 जोन और 225 सेक्टर में बांटा गया है। नामित जोन और सेक्टर मजिस्ट्रेट को डायट स्थित ऑडिटोरियम में बुधवार को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें चुनाव के दौरान निरंतर भ्रमणशील रहने और मतदान से पूर्व पोलिंग पार्टी को रवाना करने के लिए कहा गया।

मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों प्रथम, द्वितीय व तृतीय के कार्यों की बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को मतदान से पूर्व, मतदान के दिन व मतदान के उपरांत किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी।

# हर सप्ताह शासन को भेजी जाएगी बच्चों के नामांकन की स्थिति

- शिक्षा निदेशक की ओर से बीएसए को जारी किए निर्देश, छह अप्रैल तक मांगी पहली रिपोर्ट
- छह वर्ष से कम आयु के बच्चों का कक्षा एक में नहीं होगा प्रवेश, बाल वाटिका में होगा नामांकन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में बच्चों के नामांकन को लेकर हर स्तर पर सख्ती बरती जा रही है। अब तक कितने बच्चों ने प्रवेश किया गया है। उसका ब्योरा भी मांग लिया है। छह अप्रैल तक परिषदीय स्कूलों में कितने बच्चों का एडमिशन किया गया। इसकी जानकारी शासन स्तर से मांगी गई है। साथ ही शेड्यूल जारी कर 30 तक जितने भी नामांकन होंगे, उसकी रिपोर्ट हर सप्ताह बीएसए को देनी होगी। शिक्षा निदेशक का पत्र मिलने के बाद शिक्षा अधिकारी ने बीईओ से बच्चों के नामांकन की रिपोर्ट मांगी है।

परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए कई अभियान चलाने के साथ ही भोजन, कॉपी, किताबें ड्रेस आदि मुफ्त दी जाती है। इसके बाद भी बच्चों की संख्या स्कूलों में नहीं बढ़ पाती। गुजरे शैक्षिक वर्ष के दौरान स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हुई। जिसकी रिपोर्ट शासन स्तर पर पहुंची। नामांकन की स्थिति को देखते हुए शिक्षा निदेशक ने बीएसए को पत्र जारी कर 30 तक स्कूलों में होने वाले बच्चों के नामांकन की स्थिति से अवगत कराने के आदेश दिए हैं। फिलहाल छह अप्रैल तक कितने नए बच्चों ने स्कूलों में प्रवेश लिया। इसकी जानकारी मांगी है। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को शिक्षा निदेशक के पत्र की जानकारी देते हुए 6 तक हुए बच्चों का ब्योरा मांगा है।

> शिक्षा निदेशक का पत्र प्राप्त हो गया है। पत्र के संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अवगत करा दिया है। अब तक स्कूलों में हुए बच्चों के नामांकन की सूचना जल्द ही भेजी जाएगी।
> – **स्वाती भारती**, बीएसए।

### छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों का बाल वाटिका में होगा नामांकन

इस बार शासन की ओर से कक्षा एक में प्रवेश लेने के लिए बच्चों की उम्र निर्धारित कर दी है। शिक्षा निदेशक ने बीएसए को भेजे पत्र में कहा है कि छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश न लिया जाए। कम उम्र के स्कूल में पहुंचने वाले बच्चों को बाल वाटिका में नामांकन कराया जाए। इसके अलावा नामांकन के दौरान बच्चों का आधार लिया जाए। बच्चे का आधार नंबर न होने पर उनके अभिभावक का आधार नंबर दर्ज किया जाए। साथ ही बच्चे के परिवार का राशन कार्ड भी लिया जाए।

## दो युवकों ने महिला से की अश्लीलता शिकायत पर पीटा

**बदायूं, अमृत विचार :** एक गांव निवासी दो युवक महिला से अश्लीलता करते हैं। महिला ने अपनी सास से शिकायत की। दोनों युवक और उनके परिजनों ने महिला और उसकी सास को बुरी तरह से पीटा। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। थाना इस्लामनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सीओ बिल्सी से शिकायत करके बताया कि गांव निवासी मनीष, रामबहादुर उनपर गलत नजर रखते हैं। महिला के पति और परिजनों की मौजूदगी में भी गंदे इशारे करते हैं। महिला ने अपनी सास से शिकायत की। सास 25 मार्च शाम साढ़े छह बजे आरोपियों के घर शिकायत करने गईं। आरोप है कि रामबहादुर, हिमांशु, मनीश व धर्मेंद्र ने महिला और उसकी सास को पीटा। बीच बचाव कराने पर उनके परिजनों को भी पीटा। फिर धमकी देकर फरार हो गए।

# नालों में बजबजा रही गंदगी, डंक मारकर बीमार कर रहे मच्छर

- संचारी रोग नियंत्रण अभियान में भी नहीं की जा रही नालों की सफाई
- सफाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन चोक हैं शहर के ज्यादातर नाले

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण के लिए काम शुरू हो गया है लेकिन शहर के नालों की सफाई नहीं कराई गई है। नालों में वर्षों से कूड़ा कचरा भरा होने से पानी का बहाव रुक गया है। शहर के नाले कूड़ा और कीचड़ से बजबजा रहे हैं। जिसके चलते मच्छर डंक मारकर लोगों को बीमार बना रहे हैं।

शासन स्तर से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए काम शुरू कर दिया गया है। कई विभागों को संचारी रोग अभियान की सफलता के लिए अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। गांव देहात में स्कूली बच्चे जागरुकता रैलियां भी निकाल रहे हैं। अन्य कोई विभाग अभी तक नहीं जागा है। सफाई कहीं नहीं कराई जा रही है। शहर की स्थिति यह है कि अभी कहीं भी सफाई नहीं कराई गई है। शहर के लगभग सभी नाले लगभग चोंक है। नालों में गंदा पानी भरा होने से मच्छर पनप रहे हैं। छोटे बड़े नालों की सफाई बारिश से पहले कराए जाने के निर्देश हैं। गर्मियों में हर जगह सफाई अभियान चलाया जाता है लेकिन अभी तक सफाई शुरू नहीं कराई गई है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारी सुबह को कूड़ा उठाकर ले जाते हैं और आधा अधूरा कूड़ा पड़ा रहता है। पथिक चौक के निकट नालों की स्थिति बद से बदतर है।


शहर के मोहल्ला कबूलपुरा का चोक नाला।

**कूड़ेदान के अभाव में यहां-वहां फेंक रहे कूड़ाः**

शहर में कुछ स्थानों पर नगर पालिका ने कूड़ादान रखवाए हैं। जो अब कहीं कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। कूड़ेदान न होने से लोग अपने घरों का कूड़ा सड़कों पर फेंकते हैं। अब सफाई नहीं होने से संक्रामक रोग पनपने का खतरा शुरू हो गया है। पूरा शहर गंदगी की चपेट में है। ऐसे में लोग यह प्रश्न उठा रहे हैं कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान कैसे नियंत्रित होगा।

# डा. हैनिमैन का मनाया जन्मदिवस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** होम्योपैथी के जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुएल हैनिमैन का जन्मदिवस होम्योपैथी अस्पताल में मनाया गया। डीएचओ डा. पूनम सिंह ने कहा कि होम्योपैथी पद्धति को विकसित करने वाले डा. हैनिमैन के नाम को आज पूरी दुनिया में वैज्ञानिक जानते हैं। उनकी दवाओं में वह तासीर है जिससे लोग स्वस्थ हो रहे हैं।

जिला अस्पताल स्थित होम्योपैथी चिकित्सालय में बुधवार को होम्योपैथी दवाओं के जनक डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। उनके जन्मदिन के मौके पर अस्पताल प्रशासन ने कई तरह की नई व्यवस्थाएं शुरू की हैं। डीएचओ डा. पूनम सिंह, डा. प्रमोद कुमार व्यास ने संबोधित किया। कहा कि डा. हैनिमैन को पूरी दुनिया याद करने के साथ ही उनका भावपूर्ण स्मरण भी कर रही है। खासकर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग होम्योपैथिक पद्धति पर गर्व करते हैं। डा. हैनिमैन के जन्मदिवस के मौके पर यहां पर नया फर्नीचर लगाया गया। दो वार्ड को भव्य रूप से सजाया गया। मरीजों को बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की गयी। मरीजों को आज होम्योपैथी के जनक के बारे में जानकारी दी गयी। दो बजे ओपीडी खत्म करने के बाद डा. हैनिमैन का जन्मदिन मनाया गया।


डा. हैनिमैन का जन्मदिन मनाते होम्योपैथी डॉक्टर।

## छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए किया जागरूक

**बिसौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में छात्र छात्राओं को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। कॉलेज के शिक्षक राजकुमार शर्मा ने कहा कि वोट देना हम सबका कर्तव्य है। इस कार्य में युवा और अधिक उत्साह से आगे बढ़कर भाग लें। मतदाता साक्षरता क्लब गठन को और अधिक सक्रिय किया जाए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मतदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर डॉ प्रमोद कुमार शर्मा, अश्वनी शर्मा, प्रवीण मिश्रा, यशपाल सिंह, प्रवेश शर्मा, विपुल सिंह, दुर्गेश शर्मा आदि रहे।

# दस्तक अभियान शुरू मरीजों की दीं दवाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने सभी ब्लाक क्षेत्रों में दस्तक अभियान शुरू कर दिया। अभियान के तहत ग्रामीणों को संचारी रोगों की जानकारी दी गयी। घरों में साफ सफाई रखने की हिदायत दी गयी। जिन लोगों को बुखार था उन्हें दवाएं दी गईं और नियमित दवाएं खाने की सलाह दी गयी। इस अभियान पर सीएमओ की नजर सभी पर होगी।

बुधवार से दस्तक अभियान का आरंभ हो गया। ब्लाक जगत के ग्राम खिरिया में स्वास्थ्य विभाग की टीम आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ पहुंची। एक चौपाल पर आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने ग्रामीणों से बात की। ब्लॉक जगत के स्वास्थ्य कर्मचारी मलखान ने संचारी रोगों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। गांव में कहीं भी गंदगी न होने देने की हिदायत दी। नालियों में गंदा पानी न जमने पाए इसके लिए ग्राम प्रधान से बात कर सफाई कर्मचारी से सफाई करते रहने को कहा। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने घर घर जाकर संचारी रोगों के बारे में बताया। जिन लोगों को कोई बीमारी थी, उनको चिह्नित किया गया। बुखार के मरीजों को दवाएं दी गयीं। करीब सात सौ की आबादी वाले इस गांव में दर्जन भर लोगों में बुखार की शिकायत मिली। सभी को दवाएं दी गयीं।

## सार-संक्षेप

### मरीजों को मिलेगा गुणवक्तायुक्त भोजन



**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों को चिकित्सालय की किचन का आधुनिकीकरण किया गया है। इस नई व्यवस्था से मरीजों को साफ-स्वच्छ तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन मिलेगा। राजकीय मेडिकल कॉलेज के किचन में बनने वाले भोजन में मरीजों को दी जाने वाली कैलोरी एवं प्रोटीन का भी ध्यान रखा जाएगा। यहां पर भर्ती मरीजों के साथ ही उनके एक तीमारदार को नि :शुल्क भोजन मुहैया कराया जाएगा। इस व्यवस्था का संचालन कर रही एजेंसी को लगभग चार दशक का अनुभव है। उनके द्वारा प्रदेश के नामचीन कालेज जैसे केजीएमयू आदि में अपनी सेवाएं दी जा रही हैं। आज इस संबंध में नई व्यवस्था के बारे में प्राचार्य डा. एनसी प्रजापति द्वारा इसकी जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि मरीजों को सुबह साढ़े सात बजे नाश्ता, साढ़े 11 बजे लंच एवं शाम साढ़े 6 बजे रात्रि भोज, वार्ड में उन्हीं के पलंग पर पहुंचाया जाएगा जिससे मरीज को किसी तरह की परेशानी न हो। इस मौके पर डा. मुक्त्याज हुसैन, डा. नेहा सिंह, डा. पूजा नागाइच, डॉ. मुकेश बंसल, डा. अभिषेक शर्मा, डा. वेंकट नारायण, डा. अमृता वाजपेयी, डॉ. सुचेता यादव, डॉ. शलभ वैश्य, डा. विमलेश कुमार, डा. हिमानी, डॉ. आकांक्षा, डॉ. लालेन्द्र यादव आदि रहे।

### धोखाधड़ी से बेची जमीन, अब पांच पर रिपोर्ट

**बदायूं।** एक महिला ने चार लोगों के साथ मिलकर एक अन्य महिला के साथ धोखाधड़ी की। महिला की जमीन किसी दूसरे के नाम पर बेच दी। पीड़ित महिला ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित के शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह कोर्ट की शरण में गई। कोर्ट के आदेश पर आरोप महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस्लामनगर थाना क्षेत्र के कस्बा हाता निवासी शाकिर खां ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने नई बस्ती लाल बाग निवासी फरमान खान पुत्र उस्मान खान की गाटा संख्या 1480 और 1481 की जमीन खरीदी थी। जिसका बैनामा भी कराया था। आरोप है कि मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी रिहाना बेगम पत्नी आबिद खां ने धोखाधड़ी करके सुधाकर मिश्रा को वह जमीन बेच दी। इस धोखाधड़ी में मोहल्ला चौक निवासी जनक सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह, मोहल्ला उपाध्याय निवासी तोताराम पुत्र सुरेश कुमार, आबिद खां पुत्र छंगे भी शामिल हैं। उन्होंने धोखाधड़ी से जमीन बेचने का विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें गाली और जान से मारने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि वह लोग प्लाटों पर धोखाधड़ी करके कब्जा करते हैं और बेच देते हैं। महिला ने 5 अप्रैल को पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते वह मजबूरन कोर्ट की शरण में गई। कोर्ट के आदेश पर पांचों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### पीतवस्त्र धारी महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**बिसौली।** नगर के समीप निजरा मोड़ पर आयोजित शतचंडी रुद्र महायज्ञ के तत्वावधान में एक सौ साठ पीत वस्त्र धारी महिलाओं ने बैंड बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। जिसका भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यहां सोत नदी के समीप गांव निजरा मोड़ यज्ञ स्थल से भव्य कलश यात्रा यज्ञाचार्य मोहित शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुरू हुई। कलश यात्रा का रास्ते में डा मनोज माहेश्वरी, डा संजय गुप्ता, योगेश भारूद्वज एड., राजेश भारुद्वज, अमित वार्ष्णेय रेशू, पंडित वरुण शर्मा डा. प्रवीण शर्मा आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# मौलाना तौकीर को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

- ईद से एक दिन पहले सेशन और हाईकोर्ट के आदेश पर रोक राज्य सरकार को नोटिस

विधि संवाददाता, बरेली/दिल्ली

**अमृत विचार :** सेशन कोर्ट से बरेली में 2010 में हुए दंगे के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को बुधवार को ईद से एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। शीर्ष अदालत ने सेशन कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है।

करीब 14 साल बाद दंगे के केस में मौलाना तौकीर की मुश्किल पांच मार्च को तब बढ़ गई थी, जब फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने सीआरपीसी की धारा 319 की शक्ति का प्रयोग करते हुए उन्हें मुख्य आरोपी करार देकर अदालत में पेश होने का आदेश जारी कर दिया। मौलाना के हाजिर न होने पर 13 मार्च को गैरजमानती वारंट जारी कर दिया गया, जिसके विरुद्ध तौकीर हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट ने 19 मार्च को मौलाना को मामूली राहत देते हुए गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगा दी और मौलाना को 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दे दिया।

तौकीर इसके बाद भी कोर्ट मे हाजिर नहीं हुए। इस बीच दंगे का केस जिला जज की अदालत में ट्रांसफर हो गया। तौकीर के वकील ने उन्हें बीमार बताते हुए हाजिरीमाफी की अर्जी दी लेकिन कोर्ट ने अर्जी लेने से इन्कार कर दिया। एक अप्रैल को जिला जज विनोद कुमार ने तीसरी बार गैरजमानती वारंट जारी किया। इसके साथ तौकीर के खिलाफ कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू हो गई। तौकीर की ओर से हाईकोर्ट और सेशन कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट मे अर्जी दी गई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने हाईकोर्ट-सेशन कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है।

**मुद्दा** | चुनाव में फिर गायब हुआ विकास का मुद्दा, कोई नहीं दे रहा ध्यान

# मूलभूत सुविधाओं से अभी भी वंचित हैं मतदाता

- धर्म-जाति को मुद्दा बनाकर नहीं लिया जाए वोट, विकास होना चाहिए मुख्य मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** चुनाव हर साल आते हैं मगर विकास के लिए कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते हैं जिससे जनपद में एक भी नया कार्य नहीं किया गया है। मतदाता आज भी किसी तरह अपना काम चला रहे हैं। बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अभी तक पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं जिससे विकास का नाम सुनते ही लोग विचलित हो उठते हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए जहां एक ओर सत्ताधारी दल विकास का ढिंढोरा पीट रहा है। वहीं, विपक्ष में बैठे जन प्रतिनिधि सरकार पर जनता की उपेक्षा करने की बात कह रहा है। हर चुनाव में विकास के नाम पर वोट हथियाया जाता है। वोट लेने के बाद विकास के वादों से पल्ला झाड़ लिया जाता है। विकास की बात करने पर पुराना इतिहास दोहराया जाता है। अब मतदाता यह सुन सुन कर थक चुका है। लोग जमीनी पर विकास चाहते हैं। आंकड़ों पर कोई यकीन करने को तैयार नहीं है। समाज को न्याय दिलाने वाले काले कोट का मानना है कि कोई चुनाव जीते लेकिन काम कराने की नीयत किसी की नहीं है। यही कारण है कि पिछले कई दशक से कोई नया कार्य नहीं हुआ है। युवा पढ़ लिख कर पलायन कर रहे हैं। किसान परेशान हैं। सड़कों की बदतर स्थिति किसी से छिपी नहीं है। स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। इसमें कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है। शिक्षा के नाम पर प्राइवेट स्कूल लूट रहे हैं और सरकारी स्कूलों में शिक्षक नही हैं। शिक्षा के नाम पर आज व्यापार किया जा रहा है। सुरक्षा किस तरह की है। दिन में लूट हत्याएं हो रहीं हैं। मां बहनों की इज्जत तार तार हो रही है। किस विकास का ढोल पीटा जा रहा है। आज भी मतदाता मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस चुनाव में काम करने वाले प्रत्याशी को वोट दिया जाएगा। झूठे वादे करने वालों से कोई बात नहीं की जाएगी।

### क्या कहते हैं एडवोकेट


जनपद में कोई भी नया कार्य नहीं हुआ है। जो हालात दस साल पहले थे वही आज हैं। क्या बदला है। विकास की बात हर साल की जाती है। मगर विकास कराता कोई नहीं है। यह दुर्भाग्य है देश का। अब समय काम करने का है। – **ओमवीर सिंह।**


विकास के नाम पर वोट नहीं मांगा जाता है। अब धर्म सम्प्रदाय को देख कर वोट मांगा जाता है। लोग धार्मिक उन्माद के साथ वह जाते हैं। विकास उनके लिए गौड़ हो जाता है। इसलिए नेता लोग कोई काम नहीं करना चाहते हैं। – **प्रशांत पाराशर।**


सड़क सुरक्षा महंगाई, रोजगार, यह सब मूलभूत सुविधाएं कहीं नजर नहीं आ रही हैं। मतदाता हर बार कोशिश करता है कि उसके वोट के बदले उनके इलाके में विकास किया जाए अगर कोई काम कराने को तैयार नही है। – **श्याम पाल सिंह।**


गरीबों मजदूरों का काम करने वाला प्रत्याशी हो, अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कराने वाले को वोट दिया जाए। जाति मजहब के नाम पर मतदान नहीं होना चाहिए, विकास सभी को चाहि।, इन सब बातों पर ध्यान केंद्रित कर मतदान किया जाएगा। – **कामरान।**

